प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 91/2019)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा ने छह शहरों यथा दुर्ग–भिलाई, गंगटोक, कोलकाता, मुंबई, नवी मुंबई और रायपुर में आयोजित स्वतंत्र ड्राइव परीक्षणों पर रिपोर्ट जारी की।

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर, 2019ः भादूविप्रा ने अपनी एजेंसी के माध्यम से छह शहरों यथा दुर्ग–भिलाई, गंगटोक, कोलकाता, मुंबई, नवी मुंबई और रायपुर में स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) आयोजित किए। ड्राइव परीक्षण वोइस और डेटा सेवाओं के लिए सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई गई नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए किए गए थे। आयोजित किए गए ड्राइव परीक्षणों का विवरण नीचे दिया गया हैः –

शहर

क्रम संख्या	शहर	लाइसेंसप्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए)	आईडीटी करने की अवधि	आईडीटी के परिणामों का सार
1)	दुर्ग–भिलाई	मध्य प्रदेश	1 से 2 मार्च, 2019	अनुलग्नक–क
2)	गंगटोक	पश्चिम बंगाल	27 से 29 मार्च, 2019	अनुलग्नक–ख
3)	कोलकाता	कोलकाता	4 से 13 मार्च, 2019	अनुलग्नक–ग
4)	मुंबई	मुंबई	4 से 13 फरवरी, 2019	अनुलग्नक–घ
5)	नवी मुंबइ	मुंबई	11 से 15 मार्च, 2019	अनुलग्नक–ड.
6)	रायपुर	मध्य प्रदेश	25, 26 और 28 फरवरी, 2019	अनुलग्नक–च

2. प्रमुख प्रदर्शन सूचक (केपीआई) का आकलन क्षेत्र में सक्रिय सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के मूल्यांकन के लिए किया गया था। वोइस़ सेवाओं के लिए केपीआई में शामिल हैं; कॉल सेटअप सफलता दर (सीएसएसआर); ड्रॉप कॉल दर; ब्लॉक कॉल दर, हैंडओवर सफलता दर; आरएक्स गुणवत्ता। डेटा सेवाओं के लिए केपीआई में शामिल हैंः डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट, वेब ब्राउजिंग देरी, वीडियो स्ट्रीमिंग विलंब और विलंबता । पूरी रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.analytics.trai.gov.in पर उपलब्ध है

3. ड्राइव परीक्षण के मुख्य निष्कर्ष नीचे संक्षेप में दिए गए हैंः

(क) दुर्ग–भिलाई शहरः केवल बीएनएनएल 2जी और बीएसएनएल 3जी को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया है। सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः बीएसएनएल और वीआईएल (वोडाफोन) के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(ख) गोरखपुर शहरः वीआईएल (वोडाफोन) 2जी, बीएसएनएल 3जी और वीआईएल (वोडाफोन) 3जी को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया है। सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः बीएसएनएल और वीआईएल (वोडाफोन) के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(ग) कोलकाता शहरः सभी टीएसपी ड्रॉप कॉल दर का ≤2% को और सीएसएसआर का >=95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः वीआईल (आइडिया) और एयरटेल के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(घ) मुंबई शहरः एमटीएनएल 2जी, वीआईएल (वोडाफोन) 2जी, एमटीएनएल 3जी को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया है। एमटीएनएल 2जी को छोड़कर सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः एमटीएनएल और एयरटेल के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(ड.) नवी मुंबई शहरः एमटीएनएल 2जी, वीआईएल (आइडिया) 2जी, एमटीएनएल 3जी को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया है। वीआईएल (आइडिया) 2जी को छोड़कर सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः एमटीएनएल और एयरटेल के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(च) रायपुर शहरः केवल बीएनएनएल 2जी को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया। केवल टाटा 2जी को छोड़कर सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः बीएसएनएल और आरजिओ के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

4. पूरी रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.analytics.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री असित कादयान, सलाहकार (क्यूओएस) से टेलीफोन नंबर +91–11–23230404 या ईमेलः advqos@trai.gov.in द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

(एस. के. गुप्ता)

सचिव, भादूविप्रा

<u>अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।</u>